दिनांक : 31.03.2026 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री- गुजरात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने एक दिवसीय गुजरात दौरे के दौरान गांधीनगर के कोबा तीर्थ में 'सम्राट संप्रति संग्रहालय' का उद्घाटन किया। 'भारत विरासत महोत्सव' के अवसर पर आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि महावीर जयंती के पावन पर्व पर उन्हें इस पवित्र जैन तीर्थ आने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने पांडुलिपियों के संरक्षण और जैन संस्कृति की गहरी परंपराओं को प्रदर्शित करने वाली दीर्घाओं की सराहना की।

इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री वाव-थराड में लगभग बीस हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। वे कच्छ के खावड़ा में दुनिया के सबसे बड़े हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा पार्क की तीन परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। साथ ही, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत राज्य के ज्योतिष जिलों में 38 हजार से अधिक परिवारों को पक्के आवासों की सौगात भी प्रदान की जाएगी।

**महावीर जयंती**

समूचे देश में आज जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर, भगवान महावीर की जयंती मनाई जा रही है। आज के दिन भगवान महावीर की विशेष प्रार्थना की जाती है और रथयात्रा निकाली जाती है। यह पर्व करूणा, संयम और सत्य के व्रत का पालन करने का संदेश देता है।

एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन

उत्तरप्रदेश के वाराणसी में आज 'एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026' का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य दोनों राज्यों के बीच व्यापार, पर्यटन, निवेश और एमएसएमई क्षेत्र में परस्पर भागीदारी को बढ़ावा देना है। सम्मेलन में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के 'एक जिला-एक उत्पाद' यानी ओडीओपी मॉडल और जीआई

टैग प्राप्त शिल्पों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने पर विशेष मंथन किया जा रहा है। इसके साथ ही दोनों राज्यों के बीच 'काशी-उज्जैन-चित्रकूट' धार्मिक पर्यटन सर्किट को विकसित करने और गंगा-नर्मदा क्राफ्ट कॉरिडोर के निर्माण को लेकर महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए जाएंगे।

सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आगामी 3 अप्रैल को उज्जैन स्थित तारामंडल परिसर में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन "महाकाल: द मास्टर ऑफ टाइम" के उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे। भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान के समन्वय पर केंद्रित यह सम्मेलन देश-विदेश के शीर्ष वैज्ञानिकों, खगोलविदों और शोधार्थियों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। तीन से पांच अप्रैल तक डोंगला में आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय समागम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

जनगणना

सरकार ने कल से शुरू हो रही जनगणना 2027 के पहले चरण के लिए 33 प्रश्न अधिसूचित किए हैं। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में, भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने बताया कि जनगणना दो चरणों में होगी। पहले चरण में घर-घर जाकर सूचीकरण और स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी होगी। यह चरण राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार 30 सितंबर तक चलेगा।स्व-गणना पोर्टल 16 भाषाओं में उपलब्ध होगा।

**विक्रमोत्सव**

विक्रमोत्सव 2026 अभियान के तहत वाराणसी में एक सांस्कृतिक आयोजन होने जा रहा है। आगामी 3 से 5 अप्रैल तक वाराणसी के बी.एल.डब्ल्यू. मैदान में चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य के न्याय, शौर्य और सुशासन पर आधारित महानाट्य "सम्राट विक्रमादित्य" का भव्य मंचन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरदर्शी पहल पर आयोजित होने वाला यह त्रि-दिवसीय महानाट्य आमजन को भारत के उस गौरवशाली कालखंड से परिचित कराएगा, जब सम्राट विक्रमादित्य ने विक्रम संवत की स्थापना की थी।

---